Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- राजसमन्द में चिकित्सक (कनिष्ठ विशेषज्ञ सामान्य सर्जरी) 1,300 रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, दिनांक 20 जुलाई, 2026। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी राजसमन्द द्वारा आज कार्यवाही करते हुये आरोपी **डॉ0 पंकज जैन हाल कनिष्ठ विशेषज्ञ (जनरल सर्जरी) आर. के. चिकित्सालय राजसमन्द** को रिश्वत राशि **1300/— रूपये** लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कि एसीबी चौकी राजसमन्द को परिवादी से एक शिकायत इस आशय की मिली कि मेरे लडके की दाहिनी आंख के पास सिस्ट (छोटी गांठ) का आरके राजकीय चिकित्सालय में ऑपरेशन के नाम पर डॉ0 पंकज जैन द्वारा 2,000/— रूपये की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी के **उप महानिरीक्षक पुलिस—प्रथम डॉ रामेश्वर सिंह** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो उदयपुर रेंज, उदयपुर के सुपरवीजन में **श्री हिम्मत चारण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक** ए.सी.बी. चौकी राजसमन्द द्वारा रिश्वत राशि मांग सत्यापन की कार्यवाही करवाई गई। जिस पर आरोपी डॉक्टर ने परिवादी से दौराने रिश्वत राशि मांग सत्यापन की कार्यवाही के 1800/— रूपये रिश्वत राशि लेने हेतु सहमत हुआ एवं 500/— रूपये मांग सत्यापन की कार्यवाही के दौरान ग्रहण किए गए। रिश्वत राशि मांग सत्यापन के अनुसरण में 1300/— रूपये लेते हुए आरोपी डॉ0 पंकज जैन हाल कनिष्ठ विशेषज्ञ (जनरल सर्जरी) आर. के. चिकित्सालय राजसमन्द को रंगे हाथों ट्रेप किया गया। मांग सत्यापन के दौरान ग्रहण किए गए 500/— रूपये की राशि भी बरामद की गई।

आरोपीं से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1064 एवं व्हाट्सएप हेल्पलाइन नम्बर 9413502834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी सहायता करेगी।